थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग ने ई-सनद पोर्टल किया लॉन्च

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला भास्कर

Page : 03, Dated 08-May-2025

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजी. ने ई-सनद पोर्टल किया लॉन्च

एजुकेशन प्लस

पटियाला | थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपने परिसर में ई-सनद पोर्टल लॉन्च करने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से इस पहल का उद्देश्य दस्तावेज सत्यापन और एपोस्टिल सेवाओं के लिए पूरी तरह से डिजिटल, संपर्क रहित, फेसलेस और पेपरलेस प्लेटफार्म प्रदान करना है। थापर इंस्टीट्यूट में ई-सनद सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिएwww.thapar.edu पर लॉगइन कर सकते हैं।ई-सनद पोर्टल उन भारतीय नागरिकों की सुविधा के लिए बनाया गया है, जिन्हें विदेश में उपयोग के लिए अपने शैक्षिक दस्तावेजों को सत्यापित और एपोस्टिल करने की आवश्यकता है।

टीआईईटी में इस सेवा के एकीकरण के साथ, छात्र और पूर्व छात्र अब आसानी से दस्तावेज़ सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं और भौतिक यात्राओं या हार्ड कॉपी मेल करने की आवश्यकता के बिना सुरक्षित और समय पर सत्यापित दस्तावेज़ प्राप्त कर सकते हैं। ई-सनद पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक आईएएस संयम अग्रवाल बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। विवेक वर्मा, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी, पंजाब, प्रो. मनिंदर पाल कौर सिद्धू, प्रिंसिपल सरकारी मोहिंद्रा कॉलेज पटियाला की भागीदारी से कार्यक्रम और समृद्ध हुआ। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. पद्मकुमार नायर, मुख्य शैक्षणिक अधिकारी और उप निदेशक प्रोफेसर अजय बातिश, एलएमटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक और रजिस्ट्रार डॉ. गुरबिंदर सिंह और थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला के शैक्षणिक मामलों के डीन प्रो. मनिंदर सिंह व अन्य उपस्थित रहे।